| |
|---|
| प्रेस नोट–157 / 2026 |
| दिनांक 19.03.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## थाना लालगंज व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अंतर्राज्यीय साइबर फ्राड गैंग का पर्दाफाश — 08 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, टाटा डीसीएम ट्रक में छिपाकर ले जाये जा रहे 11,605 पुराने मोबाइल फोन व 08 मोटर साइकिल बरामद (कुल अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ रुपये)

माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश श्री राजीव कृष्ण ने साइबर अपराध के उन्मूलन को अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं में रखते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस को इस दिशा में प्रशिक्षित एवं सक्षम बनाने पर विशेष बल दिया है। इन्हीं निर्देशों पर कार्य करते हुए मीरजापुर पुलिस को साइबर अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है।

पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनपद में साइबर अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री अमर बहादुर के नेतृत्व में थाना लालगंज व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

दिनांक 16.03.2026 को मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना लालगंज क्षेत्रांतर्गत ग्राम तेन्दुई टोल प्लाजा के निकट टाटा डीसीएम ट्रक के साथ 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से टाटा डीसीएम वाहन संख्या UP 62 CT 5893 में छिपाकर रखे गए 11,605 पुराने मोबाइल फोन, 08 मोटर साइकिल तथा जामातलाशी में 48,800 रुपये नकद बरामद किये गये।

उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा जा रहा है।

### ■ अपराध कारित करने का तरीका

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे अलग-अलग राज्यों में अपनी मोटर साइकिलों से फेरी लगाकर बर्तनों के बदले पुराने मोबाइल फोन व प्लास्टिक एकत्र करते थे तथा चोरी भी करते थे।

तत्पश्चात इन मोबाइल फोनों को रिपेयर कर उनके पार्ट्स बिहार एवं कोलकाता स्थित साइबर अपराधी गिरोहों को बेचे जाते थे।

इन मोबाइल से प्राप्त बहुमूल्य डेटा — जिसमें मोबाइल नम्बर, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाते की जानकारी एवं पते आदि सम्मिलित थे — का उपयोग साइबर अपराधियों द्वारा ठगी एवं अन्य साइबर अपराधों में किया जाता था।

गिरफ्तार अभियुक्तों के बैंक खातों की जांच के दौरान यह तथ्य भी प्रकाश में आया कि एक अभियुक्त के खाते में विगत 02 वर्षों में ₹45 लाख से अधिक का लेन-देन (transaction) हुआ है, जबकि इसके द्वारा अपने आप को एक साधारण मजदूर बताया जा रहा था।

**■ विवरण बरामदगी**

विवरण बरामदगी— 1. एन्ड्राइड मोबाइल फोन-874 (अनुमानित कीमत -17,48,000 रूपये)
2. की-पैड मोबाइल फोन-10,605 अदद (अनुमानित कीमत -53,02,500 रूपये)
3. मोटर साइकिल -08 (अनुमानित कीमत- 8,00,000 रूपये)
4. टाटा डीसीएम वाहन संख्या UP 62 CT 5893 (अनुमानित कीमत- 25,00,000 रूपये)
5- जामातलाशी में 48,800 रूपये

**■ नाम-पता गिरफ्तार अभियुक्तगण**

1.मोहम्मद अनारूल पुत्र अरसद अली, निवासी ब्रम्हाचारी हथियादिरा, थाना रौतरा, जनपद कटिहार, बिहार।
2.मोहम्मद दिल फराज पुत्र अलाउद्दीन, निवासी कौवा मोड़ सिसिया, थाना बरारी, जनपद कटिहार, बिहार।
3.सीताबुल पुत्र अरसद अली, निवासी हथिया दियहरा, थाना रौतरा, जनपद कटिहार, बिहार।
4.हसीबुर रहमान पुत्र अब्दुल रसीद रहमान, निवासी बनेली, थाना घाटा, जनपद पूर्णिया, बिहार।
5.सबिर आलम पुत्र मुदुरमाहन, निवासी बनेली, थाना घाटा, जनपद पूर्णिया, बिहार।
6.मोहम्मद अहमद पुत्र मोहम्मद हमीद, निवासी हथिया डेरा, थाना रौतरा, जनपद कटिहार, बिहार।
7.मोहम्मद हसन पुत्र मोहम्मद इरफान अली, निवासी हथिया डेरा, थाना रौतरा, जनपद कटिहार, बिहार।
8.मोहम्मद सफीक पुत्र मंसूर आलम, निवासी हथिया डेरी, थाना मुसिल, जनपद कटिहार, बिहार।

**■ पंजीकृत अभियोग**

मु0अ0सं0 95/2026 — धारा 317(2), 317(5), 61(2), 3(5) बीएनएस, थाना लालगंज, जनपद मीरजापुर।

**■ गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम**

प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह मय पुलिस टीम, थाना लालगंज, जनपद मीरजापुर।
प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह, सर्विलांस/एसओजी मय पुलिस टीम।

**■ पुरस्कार**

पुलिस महानिदेशक **श्री राजीव कृष्ण** द्वारा पुलिस टीम को उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए बधाई देते हुए उनके उत्साहवर्धन हेतु ₹1,00,000 का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।



| प्रेस नोट–158 / 2026 |
| --- |
| दिनांक 19.03.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 की मेरठ तथा अयोध्या इकाइयों द्वारा अलग-अलग स्थानो पर की गयी ट्रैप की कार्रवाई

मा० मुख्यमंत्री उ0प्र0, **श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध **"जीरो टॉलरेंस"** की नीति तथा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, **श्री राजीव कृष्ण** के सख्त निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 19.03.2026 को भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 की मेरठ तथा अयोध्या इकाइयों द्वारा दो अलग-अलग स्थानो पर ट्रैप की कार्रवाई की गयी।

**1- भ्रष्टाचार निवारण संगठन मेरठ इकाई** द्वारा श्री संजीव शर्मा निवासी मो0 भारवाडा कस्बा व थाना सरधना जनपद मेरठ से बिल भुगतान करवाने के एवज में अवैध धनराशि की मांग के सम्बन्ध में की गयी शिकायत पर निरीक्षक श्री कैलाश चन्द्र के नेतृत्व में डिफेन्स कॉलोनी मेरठ के पास से **लेखालिपिक शक्ति सिंह (उ0प्र0 पूर्व सैनिक कल्याण निगम-डिफेन्स कॉलोनी मेरठ)** पुत्र स्व0 ब्रहम सिंह निवासी मोहम्मदपुर थाना भौर कला जनपद मुजफ्फरनगर, हालपता वर्निका स्टेट कॉलोनी रोहरा रोड़ जनपद मेरठ को **50 हजार रूपये रिश्वत** लेते हुए गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**2- भ्रष्टाचार निवारण संगठन अयोध्या इकाई** द्वारा श्री अवधेश कुमार चौहान निवासी वाजिदपुर सत्ती थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर से प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत मिलने वाली राशि से सम्बन्धित पत्रावली की जाँच कर आगे भेजने के एवज में अवैध धनराशि की मांग के सम्बन्ध में की गयी शिकायत पर निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में कार्यालय नगर पालिका परिषद जलालपुर अम्बेडकरनगर के सामने रोड़ के पास से **पम्प आपरेटर ग्रेड-प्रथम रमाकान्त चौबे (जल निगम विभाग)** पुत्र स्व0 विन्ध्याचल चौबे निवासी ग्राम जयरामपुर थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ को **05 हजार रूपये रिश्वत** लेते हुए गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

| प्रेस नोट–159/2026 |
|---|
| दिनांक 19.03.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद सहारनपुर/थाना चिलकाना**

- **पुलिस कार्यवाही में 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **3100 रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद**

दिनांक 19.03.2026 को थाना चिलकाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर साईफन पुलिया से बुड्ढाखेड़ा जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त बिलाल घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया एवं अन्य बदमाश मौके से फरार हो गये, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 3100 रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन, 01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी हैं जिसके विरूद्ध जनपद सहारनपुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 28 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना सरसावा पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु परिक्षेत्र स्तर से 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना चिलकाना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–बिलाल निवासी ग्राम टोडरपुर थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1–3100 रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन।

2–01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना सिकन्द्राबाद

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 01 लाख 30 हजार रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 स्विफ्ट डिजायर कार बरामद**

दिनांक 19.03.2026 को थाना सिकन्द्राबाद व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 03 अभियुक्तों 1–रितेश कुमार 2–यशेन्द्र 3–चाँद रांगड को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 01 लाख 30 हजार रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 स्विफ्ट डिजायर कार बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 03.03.2026 को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रितेश कुमार निवासी इनायतपुर पठौरी जनपद समस्तीपुर बिहार, हालपता जी–30 बिशनपुरा सेक्टर 58 नोएडा।

2–यशेन्द्र निवासी ईरोरा थाना महोबाकंठ जनपद महोबा, हालपता जी–30 बिशनपुरा सेक्टर 58 नोएडा।

3–चाँद रांगड निवासी बोदरा थाना किठौर जनपद मेरठ, हालपता जी–30 बिशनपुरा सेक्टर 58 नोएडा।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लूट के 01 लाख 30 हजार रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

3–घटना में प्रयुक्त 01 स्विफ्ट डिजायर कार।

**<u>जनपद बस्ती/थाना कोतवाली</u>**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 03 लाख 24 हजार 10 रूपये व 145 नेपाली रूपया**
- **लगभग 08 लाख रूपये कीमत की पीली–सफेद धातु के आभूषण आदि बरामद**

दिनांक 19.03.2026 को थाना कोतवाली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कृष्णा भगौती चौराहे के पास से अभियुक्त सेराज आलम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के 03 लाख 24 हजार 10 रूपये व 145 नेपाली रूपया, लगभग 08 लाख रूपये कीमत की पीली–सफेद धातु के आभूषण आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 26/27.02.2026 को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तार व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया, आभूषण आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बस्ती के विभिन्न थानो में चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 04 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–सेराज आलम निवासी रफीक नगर बेलवाडाडी थाना कोतवाली जनपद बस्ती।

**बरामदगी**

1–चोरी के 03 लाख 24 हजार 10 रूपये व 145 नेपाली रूपया।

2–लगभग 08 लाख रूपये कीमत की पीली–सफेद धातु के आभूषण आदि।

**जनपद बांदा/थाना कालिंजर**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 03 लाख 58 हजार 600 रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 18/19.03.2026 की रात्रि को थाना कालिंजर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कटरा कालिंजर के पास से 03 अभियुक्तों 1–आशीष कुमार उर्फ पप्पू 2–संतोष उर्फ संतु 3–अरविन्द उर्फ आनन्द को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 03 लाख 58 हजार 600 रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 17.03.2026 को थाना कालिंजर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कालिंजर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कालिंजर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आशीष कुमार उर्फ पप्पू निवासी बसराही थाना कालिंजर जनपद बांदा।

2–संतोष उर्फ संतु निवासी तरहटी थाना कालिंजर जनपद बांदा।

3–अरविन्द उर्फ आनन्द निवासी तरहटी थाना कालिंजर जनपद बांदा।

**बरामदगी**

1–चोरी के 03 लाख 58 हजार 600 रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना भोपा

- **07 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **धोखाधड़ी के 22 लाख रूपये नगद**
- **01 मॉनिटर, 01 सीपीयू, 01 प्रिन्टर आदि बरामद**

दिनांक 19.03.2026 को थाना भोपा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर तुगलकपुर रोड़ सीकरी के पास से 07 अभियुक्तों 1–हासिम 2–प्रवीन 3–दिलशाद 4–सुखविन्दर 5–फैजाव 6–रवीश 7–अब्दुल कादिर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से धोखाधड़ी के 22 लाख रूपये नगद, 01 मॉनिटर, 01 सीपीयू, 01 प्रिन्टर आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो षडयन्त्र व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर गऊशाला बनाने के लिए जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की घटना कारित की जाती है।

इस सम्बन्ध में थाना भोपा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–हासिम निवासी नईबस्ती भोकरहेडी थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर।

2–प्रवीन निवासी कलालान भोकरहेडी थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर।

3–दिलशाद निवासी कलालान भोकरहेडी थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर।

4–सुखविन्दर निवासी ग्राम गादला थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर।

5–फैजाव निवासी भोकरहेडी थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर।

6–रवीश निवासी नई बस्ती भोकरहेडी थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर।

7–अब्दुल कादिर निवासी किशनपुर जमालपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार उत्तराखण्ड।

**बरामदगी**

1–धोखाधड़ी के 22 लाख रूपये नगद।

2–01 मॉनिटर, 01 सीपीयू, 01 प्रिन्टर आदि।

- **<u>जनपद श्रावस्ती/थाना इकौना (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व 10–10 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद श्रावस्ती पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद श्रावस्ती द्वारा थाना इकौना पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–सूरज 2–श्रवण कुमार को आजीवन कारावास व 10–10 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बहराइच/थाना कैसरगंज (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को 10–10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 10–10 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बहराइच पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बहराइच द्वारा थाना कैसरगंज पर पंजीकृत अभियोग में धारा 307 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–आनन्द 2–आदित्य को 10–10 वर्ष के कठोर कारावास व 10–10 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

| |
|---|
| प्रेस नोट–160 / 2026 |
| दिनांक 19.03.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**उत्तर प्रदेश पुलिस के दो प्रमुख नवाचार— 'UP Police Fact Check' एवं 'Meta Suicidal Alert'— को देश के प्रतिष्ठित The Economic Times GovTech Awards 2026 से सम्मानित किया गया**

**▪ उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा वर्ष 2017 में @UPPViralCheck के माध्यम से देश का पहला पुलिस-संचालित फैक्ट चेक प्लेटफॉर्म शुरू किया गया।**

**▪ उत्तर प्रदेश पुलिस, सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन के प्राणों की रक्षा का अभिनव प्रयोग करने वाली विश्व की प्रथम पुलिस एजेंसी है।**

**▪ The Economic Times GovTech Awards देश के प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक है, जो सरकार, पुलिस, पब्लिक सेक्टर और अन्य संस्थाओं को उनके द्वारा किए गए डिजिटल नवाचार (Digital Innovation) हेतु दिया जाता है।**

**▪ उत्तर प्रदेश पुलिस देश की एकमात्र राज्य पुलिस बल है जिसे 26 विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए गए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार में दो अलग-अलग श्रेणियों में सम्मान प्राप्त हुआ है।**

**▪ पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, श्री राजीव कृष्ण को उ०प्र० पुलिस द्वारा भ्रामक खबरों एवं अफवाहों के प्रभावी खंडन हेतु विकसित 'Fact Check' पहल तथा तकनीक-आधारित अभिनव एवं संवेदनशील मानवीय पहल 'Meta Suicidal Alert' हेतु देश के प्रतिष्ठित The Economic Times GovTech Awards 2026 से सम्मानित किया गया है।**

**▪ वर्ष 2026 में यह पुरस्कार 26 विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस को यह 02 विभिन्न श्रेणियों में प्राप्त हुआ — 'UP Police Fact Check' को यह अवार्ड 'Digital Policing & Law Enforcement Excellence Award' श्रेणी में एवं 'Meta Suicidal Alert' को 'Digital Citizen Engagement & Grievance Redressal Award' श्रेणी के अन्तर्गत प्राप्त हुआ।**

माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, **श्री योगी आदित्यनाथ जी** के प्रभावी नेतृत्व एवं दूरदर्शी मार्गदर्शन में प्रदेश में तकनीक-आधारित, संवेदनशील और जनहितकारी पुलिसिंग को निरंतर प्रोत्साहन मिल रहा है। पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, **श्री राजीव कृष्ण** के निर्देशन में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का व्यापक उपयोग किया जा रहा है जिसके फलस्वरूप तकनीक-समर्थित अभिनव पहलें प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं।

**1- UP Police Fact Check:**

उत्तर प्रदेश पुलिस ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और भ्रामक खबरों की जाँच और खंडन के लिए अभिनव पहल करते हुए फैक्ट चेक की व्यवस्था शुरू की, जिसके अनुक्रम में वर्ष 2017 में @UPPViralCheck (Twitter/X) हैंडल लॉन्च किया गया, जो किसी भी राज्य की पुलिस द्वारा

संचालित देश का पहला फैक्ट चेक प्लेटफॉर्म है। इसका उद्देश्य वायरल पोस्ट की सच्चाई जाँचकर गलत जानकारी पर तुरंत आधिकारिक स्पष्टीकरण देना है। इस पहल को और मजबूत बनाने के लिए 04 जुलाई 2022 को @UPPFactCheck के नाम से Facebook और Instagram अकाउंट भी शुरू किए गए, ताकि सही जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सके।

समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु पुलिस मुख्यालय में 24×7 समर्पित फैक्ट चेक डेस्क कार्यरत है, जो X (Twitter), Facebook, Instagram, YouTube और WhatsApp जैसे प्लेटफॉर्म्स पर वायरल पोस्ट, फोटो और वीडियो की लगातार निगरानी करती है। उत्तर प्रदेश से संबंधित किसी भी संदिग्ध सामग्री को तुरंत सत्यापन के लिए चिन्हित किया जाता है।

सत्यापन की प्रक्रिया OSINT टूल्स, रिवर्स इमेज सर्च, जियोलोकेशन एवं मेटाडेटा विश्लेषण के माध्यम से की जाती है, साथ ही जमीनी स्थिति की पुष्टि के लिए संबंधित जिला पुलिस से तत्काल समन्वय किया जाता है। इस कार्य हेतु टीम को विशेषज्ञ फैक्ट चेक संस्थाओं द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया गया है तथा समय-समय पर नवीन तकनीकों का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है।

**Fact Check से संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के आँकड़े एवं कार्यवाही :**

- @UPPViralCheck (X/Twitter): लगभग 3.71 मिलियन इम्प्रेशन; लगभग 236 फैक्ट चेक एवं खंडन जारी
- @UPPFactCheck (Instagram): शुरुआत से अब तक लगभग 7.85 मिलियन व्यूज
- @UPPFactCheck (Facebook): शुरुआत से अब तक लगभग 54,51,000 व्यूज
- 75 जिलों की पुलिस इकाइयों द्वारा लगभग 4,100 खंडन एवं स्पष्टीकरण जारी किए गए
- भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध कुल 318 FIR दर्ज (दिसंबर 2017 से फरवरी 2026 तक)

**महाकुंभ 2025 — के दौरान की गई कार्यवाही :**

महाकुंभ मेला 2025, जो विश्व के सबसे बड़े मानव समागमों में से एक है, के दौरान कुछ संगठित भ्रामक अभियानों द्वारा अन्य देशों/प्रदेशों की भगदड़ से संबंधित पुराने वीडियो को महाकुंभ से जोड़कर प्रसारित किया गया, जिससे उत्तर प्रदेश की छवि को प्रभावित करने का प्रयास किया गया।

UP Police Fact Check की सक्रिय निगरानी के माध्यम से ऐसे 204 अकाउंट चिन्हित किए गए तथा 14 आपराधिक मामले दर्ज किए गए, जिससे इस भ्रामक अभियान को समय रहते निष्प्रभावी कर दिया गया और संभावित साम्प्रदायिक तनाव एवं देश की अंतरराष्ट्रीय छवि को नुकसान पहुँचने से रोका गया।

**फैक्ट चेक से संबंधित उल्लेखनीय प्रकरण**

1. दिनांक 03 जनवरी 2020 को पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा वर्ष 2013 में बांग्लादेश में पुलिस कर्मियों द्वारा की गई मारपीट की एक पुरानी घटना का वीडियो, उत्तर प्रदेश पुलिस से संबंधित बताकर ट्वीट किया गया।

इस भ्रामक जानकारी का संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल @UPPolice से तत्काल खंडन करते हुए वास्तविक तथ्यों से आमजन को अवगत कराया। साथ ही, इस खंडन को @UPPViralCheck के माध्यम से भी प्रसारित किया गया।

उत्तर प्रदेश पुलिस की त्वरित एवं तथ्यपरक प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप तत्कालीन प्रधानमंत्री को अपना उक्त ट्वीट डिलीट करना पड़ा। इस प्रभावी कार्यवाही की सराहना पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक सम्मेलन में प्रस्तुतिकरण के दौरान भी की गई।

2. दिनांक 08.10.2025 की सायं कमिश्नरेट कानपुर नगर के थाना मूलगंज क्षेत्र में पटाखों के अवैध भंडारण के कारण एक खिलौने की दुकान के सामने विस्फोट की घटना हुई, जिसमें 8 स्थानीय व्यक्ति घायल हो गए।

घटना के संबंध में सोशल मीडिया पर India Today मैगजीन का फर्जी स्क्रीनशॉट प्रसारित कर यह भ्रामक दावा किया जा रहा था कि इस मामले में एक संगठन से जुड़े तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।

इस भ्रामक सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए कमिश्नरेट कानपुर नगर पुलिस एवं @UPPViralCheck द्वारा त्वरित खंडन जारी कर वास्तविक तथ्यों से जनसामान्य को अवगत कराया गया।

3. मई 2025 में भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिन्दूर के उपरान्त कतिपय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक AI-Generated वीडियो इस भ्रामक दावे के साथ शेयर किया जा रहा था कि ताजमहल पर पाकिस्तान ने हमला किया है।

पुलिस कमिश्नरेट आगरा तथा @UPPViralCheck द्वारा उक्त भ्रामक वीडियो का तत्काल खंडन करते हुए ऐसी भ्रामक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करके आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

4. दिनांक 19.02.2025 को कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स द्वारा एक भ्रामक वीडियो प्रसारित किया गया, जिसमें पाकिस्तान की एक सड़क दुर्घटना से संबंधित वीडियो को महाकुंभ प्रयागराज का बताकर साझा किया जा रहा था। वीडियो के साथ "माता-पिता की सेवा करके भी उतर जाएगा पाप, यहाँ पाप धोने के चक्कर में जिंदगी से भी हाथ धो बैठोगे" जैसी भ्रामक टिप्पणी लिखी गई थी तथा बैकग्राउंड में "ये प्रयागराज है" गीत जोड़कर इसे और अधिक भ्रामक बनाने का प्रयास किया गया।

तथ्यात्मक जाँच में यह स्पष्ट हुआ कि उक्त वीडियो जनवरी 2025 में पाकिस्तान के करक जनपद में ट्रेलर के ब्रेक फेल होने से हुई सड़क दुर्घटना का है, जिसका महाकुंभ प्रयागराज से कोई संबंध नहीं है। इस भ्रामक पोस्ट का खंडन उत्तर प्रदेश पुलिस के फैक्ट चेक अकाउंट एवं कुंभ मेला अकाउंट के माध्यम से तत्परता से किया गया।

साथ ही, उक्त वीडियो के माध्यम से महाकुंभ में भगदड़ एवं जनहानि की झूठी अफवाह फैलाकर जनमानस में भय उत्पन्न करने तथा महाकुंभ मेले की छवि धूमिल करने का प्रयास करने वाले 26 सोशल मीडिया अकाउंट्स के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करके आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई।

**2- Meta Suicidal Alert:**

उत्तर प्रदेश पुलिस के सोशल मीडिया सेन्टर द्वारा यह पहल Meta कंपनी के सहयोग से विकसित की गई है। इसके अंतर्गत Facebook एवं Instagram जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आत्महत्या से संबंधित सामग्री पोस्ट किए जाने की स्थिति में Meta द्वारा तत्काल पुलिस मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया सेंटर को ई-मेल एवं फोन कॉल के माध्यम से अलर्ट भेजा जाता है। पुलिस मुख्यालय में स्थापित 24×7 समर्पित डेस्क, जो यूपी एसटीएफ सर्वर से एकीकृत है, पीड़ित की लोकेशन का त्वरित पता लगाकर संबंधित जनपद को सूचना प्रेषित करती है। तत्पश्चात स्थानीय पुलिस द्वारा

पीड़ित एवं उसके परिजनों से संपर्क कर समय रहते सहायता, रेस्क्यू एवं काउंसलिंग प्रदान की जाती है तथा अपने अधिकार-क्षेत्र में रहते हुए पीड़ित की समस्या के समाधान का भी प्रयास किया जाता है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 01 जनवरी 2023 से 28 फरवरी 2026 के मध्य Meta से प्राप्त 2178 अलर्ट के माध्यम से कुल 2181 व्यक्तियों को सुरक्षित बचाया जा चुका है। इन बचाए गए 2181 लोगों में से 1667 पुरुष एवं 514 महिलाएँ सम्मिलित हैं।

**आयु वर्ग के अनुसार कुल 2181 लोगों का विवरण निम्नवत है—**

- 13–18 वर्ष आयु वर्ग: 762 व्यक्ति
- 19–25 वर्ष आयु वर्ग: 1071 व्यक्ति
- 26–35 वर्ष आयु वर्ग: 239 व्यक्ति
- 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग: 109 व्यक्ति

आज दिनांक 19.03.2026 को हयात रीजेंसी होटल, नई दिल्ली में आयोजित 6th ET GovTech Conclave & Awards कार्यक्रम के दौरान उक्त अवार्ड प्रदान किया गया। पुलिस महानिदेशक की ओर से यह पुरस्कार श्री जे. रविन्द्र गौड़, पुलिस आयुक्त, गाज़ियाबाद द्वारा प्राप्त किया गया।

The Economic Times GovTech Awards देश के प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक है, जो सरकार, पुलिस, पब्लिक सेक्टर और अन्य संस्थाओं को उनके द्वारा किए गए डिजिटल नवाचार (Digital Innovation) हेतु दिया जाता है। इन पुरस्कारों का चयन देश के प्रतिष्ठित जूरी सदस्यों द्वारा किया गया, जिनमें UPSC के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मुख्य सचिव, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के पूर्व सचिव, NIC एवं DRDO के पूर्व महानिदेशक सहित विभिन्न क्षेत्रों के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं तकनीकी विशेषज्ञ सम्मिलित थे।

यह उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस की इन महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों के पीछे माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, श्री योगी आदित्यनाथ जी का सशक्त नेतृत्व, दूरदर्शी सोच एवं तकनीक-आधारित सुशासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता प्रमुख प्रेरणा-स्रोत रही है। साथ ही, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, श्री राजीव कृष्ण के कुशल मार्गदर्शन एवं नवाचारों को प्रोत्साहन देने वाली कार्यशैली के परिणामस्वरूप ऐसी तकनीक-समर्थित पहलें प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं, जिससे उत्तर प्रदेश पुलिस न केवल आधुनिक और जनोन्मुख पुलिसिंग की दिशा में अग्रसर है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श के रूप में स्थापित हो रही है।

————